बरेली, शुक्रवार
27 अक्टूबर, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 22

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 06,MIDDLE

लाल किले में आखिरी मुकदमे की जिरह

बरेली में रंगमंच के संस्थापक जेसी पालीवाल को समर्पित थिएटर फेस्ट का दूसरा दिन

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (26 Oct): तीसरे थिएटर फेस्टिवल 'इंद्रधनुष' के दूसरे दिन बुधवार को श्रीराममूर्ति स्मारक रिद्धिमा के सभागार में पैरोट्स ट्रूप्स नई दिल्ली की ओर से 'लाल किले का आखिरी मुकदमा' नाटक का मंचन हुआ. इसमें मुख्य अतिथि के रूप में यूबी एरिया बरेली के मेजर जनरल जे. देबनाथ मौजूद रहे. श्रीराममूर्ति स्मारक ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देव मूर्ति, आदित्य मूर्ति, डॉ. एमएस बुटोला के साथ उन्होंने दीप प्रज्वलन किया.

बचाव पर डाला प्रकाश

मृणाल माथुर द्वारा लिखित एवं डॉ. एम सईद आलम निर्देशित प्रसिद्ध आईएनए (आजाद हिंद फौज) परीक्षणों 1945-46 से संबंधित इस नाटक 'लाल किले का आखिरी मुकदमा' में तीन विचाराधीन कैदियों-मेजर जनरल शाहनवाज खान, कर्नल जीएस ढिल्लों और लेफ्टिनेंट कर्नल पीके सहगल पर देशद्रोह के आरोप में मुकदमा चल रहा है. ये तीनों अपनी कोठरी में बैठे हुए दिखाये जाते हैं. नेताजी सुभाष चंद्र बोस की इंडियन नेशनल आर्मी के इन तीनों सदस्यों पर अंग्रेजों ने देशद्रोह का आरोप लगाया है. मुकदमे की सुनवाई लाल किले में हुई. धीरे- धीरे लोगों को जब मुकदमे के बारे में पता लगा तो इसके खिलाफ आंदोलन भी होने लगा. भूला भाई देसाई इनके वकील हैं, जो बीच-बीच में चीजे भूल जाते हैं. नाटक में उनके द्वारा किए गए उत्साही बचाव पर भी प्रकाश डला गया. दोनों पक्षों के वकीलों की अंतिम बहस के बाद नाटक समाप्त हो जाता है. इस मौके पर आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, उषा गुप्ता, सुभाष मेहरा, डॉ. एमएस बुटोला, डॉ. प्रभाकर गुप्ता, डॉ. अनुज कुमार, डॉ. एलएस मौर्या, डॉ. रीता शर्मा, राम अवतार आहूजा आदि रहे.

कलाकारों ने किया भावपूर्ण अभिनय.